<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–27.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को करेंगी संबोधित, राज्यसभा का सत्र आज से होगा शुरू।
- मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने की घोषणा–अगले तीन महीनों में चालीस हजार युवाओं को दी जाएगी सरकारी नौकरी।
- कल से मानसून में आएगी सक्रियता, मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में जताया बारिश का पूर्वानुमान।
- टी–20 विश्व कप के सेमीफाइनल में आज भारत और इंग्लैंड के बीच होगा मुकाबला।

***************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद दोनों सदनों में धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया जाएगा जिस पर सदस्य चर्चा में भाग लेंगे। 18वीं लोकसभा का पहला सत्र पिछले सोमवार को शुरू हुआ है। राज्यसभा का सत्र आज से शुरू होगा। इससे पहले कल सांसद ओम बिरला लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने गए। श्री बिरला ने दोबारा सदन के अध्यक्ष के रूप में काम करने का अवसर देने और उन पर विश्वास जताने के लिए सदन के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने श्री बिरला को उनके निर्वाचन पर बधाई देते हुए कहा कि श्री बिरला के दूसरी बार निर्वाचित होने से आज इतिहास बना है। उन्होंने कहा कि सदन अगले पांच वर्षों में उनके मार्गदर्शन में काम करेगा।

***************

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि अगले तीन महीने के दौरान राज्य के चालीस हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा कल धनबाद में जिला प्रषासन द्वारा आयोजित परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम में की। उन्होंने कहा कि राज्य के पढ़े–लिखे युवा तैयारी शुरू करें, षिक्षक, सिपाही, उत्पाद विभाग सहित विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती शुरू की जाएगी। श्री सोरेन ने कहा कि सरकार जनता की जरूरतों के अनुरूप योजनाएं बना रही है।

***************

झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की महासचिव कुमुदीनी प्रभावती ने कहा है कि केंद्र सरकार आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड जल्द लागू करे। कल जारी एक बयान में महासचिव ने बताया कि सरकार ने ईसाई धर्मावलंबियों से गोवा भ्रमण के लिए आवेदन मांगा है। किसी भी संगठन को इस पर आपत्ति जताने का कोई औचित्य नहीं है क्योंकि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के समय से ही सभी धर्म के अनुयायियों को उनके पवित्र स्थलों के दर्शन कराने की योजना चली आ रही है।

***************

राजधानी रांची के जलाषयों के संरक्षण को लेकर झारखंड हाईकोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा है कि पेयजल के लिए पाइपलाइन बिछाने से कुछ नहीं होगा, पानी कहां से लाएंगे। अदालत ने कल रांची में जलस्रोतों के संरक्षण और उन्हें अतिक्रमणमुक्त कराने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने नगर विकास विभाग के सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाने का निर्देष दिया। कमेटी को एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी।

***************

देवघर में होने वाले राजकीय श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर उपायुक्त विशाल सागर ने कल समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मेले के दौरान जवाबदेही और सेवाभाव से कार्य करने की आवश्यकता होती है। अधिकारी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्था को और बेहतर बनाने का प्रयास करें, ताकि वे बाबा नगरी से सुखद अनुभूति लेकर जाएं। बैठक में उपायुक्त ने श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ बाबा बैद्यनाथ धाम एप विकसित करने का निर्देश दिया।

***************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
***************

मौसम विभाग ने कल से मानसून की सक्रियता में तेजी आने का अनुमान जताया है। विभाग के अनुसार कल से राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में बारिष हो सकती है। वहीं पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के सिमडेगा, लातेहार, हजारीबाग और धनबाद समेत कई जिलों में अच्छी बारिष हुई। जबकि रांची और आसपास के इलाकों में बारिष नहीं हुई। यहां दिन भर उमस भरी गर्मी रही।

***************

रोहिणी और मृगशिरा नक्षत्र के बाद चतरा के किसानों को आद्रा नक्षत्र में बारिश की उम्मीद है।

***************

गढ़वा शहर के टंडवा जनकपुर इलाके में कल दोपहर हुई बारिश के साथ वज्रपात की घटना में एक युवक की मौत हो गयी। घटना के समय युवक दानरो नदी में मवेशी चरा रहा था। इसी दौरान नदी में हुए वज्रपात की चपेट में आकर उसकी मौत हो कई। इधर, लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र के लावागांई गांव में कल शाम हाईवोल्टेज तार की चपेट में आने से एक स्कूली छात्र की मौत हो गई। जबकि एक छात्रा झुलस गई। छात्रा को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

***************

गोड्डा जिले के दो प्रखंडों पाड़ैयाहाट एवं महागामा में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना 'उन्नति का पहिया' के तहत छात्र–छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। विधायक प्रदीप यादव और दीपिका पांडे सिंह ने छात्र–छात्राओं के बीच साइकिल वितरित करते हुए उन्हें पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि दूरदराज के गांवों से पढ़ाई के लिए प्रखंड मुख्यालय आने वाले छात्रों को साइकिल मिल जाने से काफी सहूलियत होगी। साथ ही स्कूलों में ड्रॉप आउट की समस्या भी कम होगी।

***************

अमेरिका में खेले जा रहे टी–20 विश्व कप क्रिकेट के सेमीफाइनल में आज भारत और इंग्लैंड की टीमें भिड़ेंगी। भारतीय टीम इस मुकाबले में अब तक अपराजित रही है। उसने सात में से छह मैच जीते हैं जबकि एक मैच बारिश से धुल गया था।

***************

कोडरमा जिले के बागीटांड़ स्टेडियम में कल से 19वीं उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हो गई है। प्रतियोगिता में कोडरमा के अलावा गिरिडीह, हजारीबाग, चतरा और रामगढ़ की पुलिस टीम हिस्सा ले रही है। प्रतियोगिता 28 जून तक चलेगी। इससे पूर्व पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के डीआईजी सुनील भास्कर ने किया। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में प्रतिभावान जवानों को इस प्रतियोगिता के जरिए बेहतर मंच मिलेगा और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी हाथ आजमाने का अवसर मिलेगा।

***************

अखबारों की सुर्खियां–

राजधानी रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने ओम बिरला के लोकसभा अध्यक्ष बनने और नीट पेपर लीक मामले में हजारीबाग के को–ऑर्डिनेटर से पूछताछ की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है–हर्ष और हंगामे के साथ ओम बिरला का स्वागत।

प्रभात खबर की सुर्खी है–हजारीबागः ओएसिस के प्राचार्य को सीबीआई ने लिया हिरासत में।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–स्पीकर बनते ही इमरजेंसी पर प्रस्ताव लाए बिरला, विरोध, सदन स्थगित।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने लिखा है–ध्वनिमत से ओम बिरला लगातार दूसरी बार बने लोकसभा अध्यक्ष।

अंग्रेजी दैनिक टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने ओम बिरला के लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

सीएम चंपाई बोले–आने वाले तीन महीने बहाली के होंगे–दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री के इस बयान को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

रांची एक्सप्रेस ने गडकरी के हवाले से लिखा है – सड़कें खराब हैं तो टोल टैक्स लेना गलत, लोग भड़केंगे ही।

***************